भारतीय विदेश व्यापार संस्थान

बी-21, कुतुब इंस्टीट्यूशन एरिया
नई दिल्ली-110016

केंद्रीय विधुत प्राधिकरण द्वारा 30.05.2018 को आयोजित नराकास की बैठक के कार्यवृत्त संबंधी बिंदुओं पर की गई कार्रवाई की अनुपालनात्मक रिपोर्ट।

क्र.सं.	चर्चा किए गए बिंदु	अनुवर्ती कार्रवाई
1.	नराकास के सदस्य कार्यालय अपनी प्रगति रिपोर्ट संबंधित नोडल अधिकारी को निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत करें।	संस्थान से प्रगति रिपोर्ट सदैव संबंधित नोडल अधिकारी को निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत की जाती है।
2.	कागज रहित काम करने की दिशा में सदस्य कार्यालयों द्वारा इंट्रनैट के माध्यम से ऑन-लाइन तिमाही रिपोर्ट तैयार की जा सकती है।	संस्थान में तिमाही रिपोर्ट इंट्रनैट के माध्यम से तैयार करना प्रारंभ कर दिया गया है।
3.	राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2018-19 के लिए जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा किया जाए।	वार्षिक कार्यक्रम 2018-19 में निर्धारित लक्ष्यों के अंतर्गत हिंदी पत्राचार के अतिरिक्त सभी बिंदुओं को पूरा किया गया है।
4.	संस्थान की गृह-पत्रिका 'यज्ञ' के अंक-11 की सराहना करते हुए प्रदर्शन किया गया। भविष्य में पत्रिका के स्तर को जारी रखने की सलाह दी जाती है।	भविष्य में पत्रिका के स्तर को जारी रखने के लिए यथा संभव प्रयास किए जाएंगे।
5.	आईआईएफटी द्वारा 99 प्रतिशत से अधिक हिंदी/द्विभाषी पत्राचार करने पर सराहना की गई। भविष्य में इसे शत प्रतिशत किए जाने की अपेक्षा की जाती है।	संस्थान में वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार मूल पत्राचार के शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त किए जाने हेतु सभी प्रयास जारी हैं।
6.	राजभाषा नियम 1963 की धारा 3(3) व नियम 5 के उल्लंघन से बचने का सुझाव दिया जाता है।	संस्थान में राजभाषा नियम 1963 की धारा 3(3) व नियम 5 का अनुपालन वरीयता के आधार पर सुनिश्चित किया गया है।
7.	बैठक में सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों की उपस्थिति का अनिवार्यत: अनुपालन किया जाए।	बैठक में कार्यालय प्रमुख की उपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए संस्थान की ओर से बैठकों में हिंदी अधिकारी सहित प्रशासनिक प्रमुख अर्थात कुलसचिव/ उप-कुलसचिव भाग लेते हैं।

प्रमोद गुप्ता

(डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता)
कुलसचिव

अत: उक्त अनुपालनात्मक रिपोर्ट कृपया अपेक्षित कार्रवाई हेतु अग्रेषित है।

डा. प्रमोद कुमार गुप्ता
कुलसचिव
भारतीय विदेश व्यापार संस्थान
मानित विश्वविद्यालय
नई दिल्ली-110016